# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 14 मार्च 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड


तापमान

अधिकतम 38.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री


14 शांतिपूर्ण त्योहार मनाने हुई शांति समिति की बैठक





14 कांग्रेसियों ने मृतक किसान के परिजनों से की मुलाकात




## खबर संक्षेप

### एक्सीडेंट में बाइक चालक की मौत

**महासमुंद।** एक्सीडेंट में बाइक चालक की हुई मौत के मामले की पुलिस ने जांच की। जांच के बाद आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि रमेश कुमार कैवर्त पिता कार्तिकराम कैवर्त (49 साल) निवासी कुकुर्दीखुर्द थाना पचपेड़ी जिला बिलासपुर की मौत के मामले की जांच की गई। जांच पर पाया गया कि घटना दिनांक 16 जनवरी को मृतक रमेश कुमार कैवर्त अपनी मोटर सायकल टीवीएस स्पोर्ट क्र. सीजी 24 एस 2639 से अपने गांव कुकुर्दीखुर्द से तुमगांव होते हुए दुर्ग जा रहा था, दोपहर लगभग 12:45 बजे ग्राम बिरकोनी इंडियन पेट्रोल पंप के पास पहुंचा था, उसी समय इंडियन पेट्रोल पंप के सामने सरायपाली से रायपुर मार्ग ग्राम बिरकोनी के पास मेटाडोर वाहन क्र. सीजी 06 जीवाई 3262 के चालक ने अपने वाहन को एनएच. 53 रोड ऊपर बिना किसी संकेतक बोर्ड लगाए व बिना इंडीकेटर जलाए खड़ा कर दिया था। जिससे आने जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही थी, जिसके कारण मोटर सायकल चालक रमेश कुमार कैवर्त टकरा गया। जिससे आई चोट का इलाज कराने के लिए सरकारी अस्पताल तुमगांव लेकर गया। जहां पर मृत घोषित कर दिया गया। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 285, 106 (1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बलौदा पुलिस ने ग्राम बेलमुंडी के पास एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बेलमुंडी के पास आरोपी जगन्नाथ सागर के कब्जे से 3 लीटर महुआ शराब कीमत 600 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(1)(क) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

**पर्व :** हुड़दंगियों के खिलाफ पुलिस के सख्ती की तैयारी, रात 10 बजे के बाद ढोल नगाड़ा और अन्य ध्वनि यंत्रों का प्रयोग प्रतिबंधित

# आधी रात हुआ होलिका दहन, आज मनाएंगे रंगोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

होलिका दहन आधी रात के मुहूर्त में होने पश्चात आज रंगोत्सव मनाए जाने की तैयारी है। लेकिन, इस बार रंगोत्सव के दौरान किसी प्रकार की हुड़दंग और शहर में अशांति फैलाने वाली गतिविधियों पर पुलिस की कड़ी निगाह रहेगी। जिसे सख्ती से निपटने की तैयारी पुलिस ने कर ली है। बता दें कि शहर के लगभग दो दर्जन से अधिक स्थानों पर होलिका दहन की तैयारी है। होलिका दहन के दूसरे दिन होली खेली जानी है, जिसके तहत पुलिस कंट्रोल रूम में शांति समिति की बैठक हुई।

मुहूर्त 11.30 बजे का और पुलिस का निर्देश 10 बजे तक का

विधिसम्मत होलिका दहन का समय 11.26 से 12.30 तक का है लेकिन, एसडीओपी अजय त्रिपाठी और नायब तहसीलदार मोहित अमिला ने वार्ड पार्षदों को निर्देशित किया था कि सभी अपने -अपने वार्ड में 13 मार्च को होली दहन का कार्यक्रम रात 10 बजे तक संपन्न करा लें क्योंकि वर्तमान में हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षा चल रही है। बताया गया कि रात 10 बजे के बाद ढोल नगाड़ा और अन्य तरीके के ध्वनि यंत्रों का प्रयोग प्रतिबंधित है। 10 बजे के बाद ध्वनि यंत्रों के खिलाफ कितनी कार्रवाईयां हुई यह आंकड़ा आज सामने आएगा। पुलिस ने 14 मार्च को बाइक में तीन सवारी पर वाहन जब्त करने,



गुलाल का उपयोग उन पर न करने की बात कही है जो रंग गुलाल नहीं खेलना चाहते।

### दर्जनभर वार्डो में विशेष गश्त

कोतवाली थाना प्रभारी शरद दुबे ने बताया कि शहर के वार्ड 6, 7, 8, 11, 21, 22, 23, 24, 29 में पुलिस की विशेष गश्त करने ड्यूटी लगाई गयी है। साथ ही शहर की जनता से अपील की है कि शहर के जिस भी वार्ड में हुड़दंगियों द्वारा हुड़दंग किया जाता है तो इसकी सूचना सिटी कोतवाली पुलिस, पुलिस कंट्रोल रूम 112 को सूचित करें ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि होलिका दहन के दिन और दूसरे दिन शहर के चिन्हाकित इलाकों में पुलिस बल की तैनाती के साथ ही शहरभर में पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा सतत पेट्रोलिंग कर निगरनी की जाएगी। शहर के कुछ संवेदनशील इलाकों में पुलिस पार्टी की विशेष नजर होगी। शराब, भांग और अन्य तरह के नशा कर हुड़दंग करने वालों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

### होलाष्टक प्रारंभ, नहीं होंगे शुभ कार्य

6 मार्च से होलाष्टक लग गया है जो आज समाप्त होगा। होलाष्टक के दौरान पूजा-पाठ, तप-ध्यान करना शुभ माना जाता है। होलाष्टक में श्री हनुमान जी, भगवान विष्णु और नरसिंह भगवान की पूजा करने का विधान है। होलाष्टक के दौरान श्री सूक्त पाठ और मंगल ऋण मोचन स्त्रोत का पाठ करने से कर्ज से छुटकारा मिल जाता है और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। लेकिन होलाष्टक के दौरान किसी भी तरह के मांगलिक और शुभ कार्यों को करने की मनाही होती है। इस दौरान नए घर का निर्माण या फिर गृह प्रवेश नहीं किया जाता। सोना-चांदी, वाहन आदि खरीदने की भी मनाही होती है। इस दौरान नया व्यापार या फिर कोई अन्य काम की शुरूआत नहीं की जाती है। शादी-विवाह, मुंडन-छेदन सहित अन्य 16 संस्कार करने की मनाही होती है।

### होलिका दहन करने करना होगा लंबा इंतजार

होलिका दहन के लिए इस बार लंबा इंतजार करना पड़ेगा। देर रात तक इंतजार करने के बाद ही भक्तगण होलिका दहन कर सकेंगे। फाल्गुन पूर्णिमा तिथि की शुरूआत 13 मार्च को सुबह 10.35 बजे पर होगी और अगले दिन 14 मार्च को दोपहर 12.23 तक रहेगी। 13 मार्च को भद्रा पूंछ शाम 6.57 बजे से रात 8.14 बजे तक रहेगी। इसके बाद भद्रा मुख का समय शुरू हो जाएगा जो रात 10.22 बजे तक रहेगा। इसके बाद ही होलिका दहन करना शुभ होगा। हालांकि भद्रा 10.22 बजे समाप्त हो जाएगी, लेकिन दहन के लिए 13 मार्च को रात 11.26 बजे से देर रात 12.30 बजे उत्तम माना जा रहा है। इस तरह से होलिका दहन के लिए 64 मिनट का समय भक्तों को मिलेगा।

### चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी पुलिस

होली के मद्देनजर पुलिस ने भी खासी तैयारी कर रखी है। शहर में कोई अप्रिय घटना घटित न हो इसके लिए पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी और शहर में अलग-अलग फिक्स पाइंट बनाकर शाम को अधिकारी-जवान तैनात हो गए। इसके पूर्व पुलिस ने शहर में गुरुवार शाम पुलिस जवानों के साथ फ्लेगमार्च किया। शहर के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में पुलिस जवान तैनात किए गए। जिले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस मुख्यालय से अतिरिक्त बल मिला है।

### चिकन दुकानों में रही भीड़

इधर, होली पर्व को लेकर जहां शराब दुकानों में भीड़ लगी हुई है। वहीं चिकन दुकानों में भी भीड़ रही। होली पर्व को लेकर चिकन-मटन की खास डिमांड रही। चिकन व्यवसाइयों का कहना है कि बीते साल की तुलना में इस बार चिकन-मटन की बिक्री ज्यादा है।



### बाजार में जमकर हुई खरीदी

बाजार में लगे रंगगुलाल की दुकानों में भारी भीड़ रही। बच्चे, युवा पिचकारी, बाला, कैप और विग की खरीददारी कर रहे हैं। पर्व को लेकर सबसे अधिक उत्साह बच्चों में है। दुकानदारों ने ग्राहकों की अपेक्षा अनुरूप अपनी दुकानें सजा रखी है। ग्राहकी बढ़ने से दुकानदारों में भी उत्साह देखने को मिल रहा है। हरवा माला की भी जमकर बिक्री हुई।



### भा रहा है रंग-बिरंगी गुलाल

होली पर्व को लेकर इस बाजार में रंग-बिरंगी गुलाल लोगों को खास पसंद आ रहा है। लोग सामान्य गुलाल से ज्यादा इस बार लाल, हरा, नीला, पीला, गुलाबी, केसरिया गुलाल की खूब खरीदी की। बताशें की भी जमकर बिक्री हुई।

### युवक-युवतियों ने जमकर ने उड़ाए गुलाल

होली पर्व के एक दिन पहले ही स्कूल-कालेज में रंग गुलाल उड़े। छात्रों समेत युवक-युवतियों ने रंग गुलाल से सराबोर रहे। सहपाठियों, मित्रों को गुलाल लगाकर एक-दूसरे होली की शुभकामनाएं देते रहे।

### इन स्थानों पर हुआ होलिका दहन

शहर में बरोंडा चौक, अम्बेडकर चौक, लोहिया चौक, स्टेशन पारा, नयापारा, इमलीभाठा, कलेक्टोरेट मार्ग, गुड़रुपारा व बजरंग चौक सहित कई स्थानों पर होलिका दहन की गई। पूरे शहर में डेढ़ सौ से अधिक स्थानों पर होलिका दहन की गई। होलिका उत्सव समितियां रात भर नगाड़ों की थाप और फागगीतों की धुन पर नाचते-गाते रहे।

### केमिकल युक्त रंगों के बजाए हर्बल होली

चिकित्सकों ने लोगों को केमिकल युक्त रंगों की बजाय हर्बल होली खेलने की अपील की है। दुकानों में भी इस बार हर्बल गुलाल की अधिक खरीदी हो रही है। चिकित्सकों ने बताया कि चेहरे और आंख को रंगों से होने वाले नुकसान से बचाएं। संक्रमण होने पर तत्काल जिला अस्पताल पहुंचकर दवाएं ली जा सकती है।

### शराब दुकानों में उमड़ी भीड़

होली पर्व के मद्देनजर शहर सहित जिलेभर के शराब दुकानों में मदिरा प्रेमियों की भीड़ लगी रही। सोमवार 25 मार्च को शुष्क दिवस घोषित होने के बाद से दुकानें बंद होने की कारण मदिरा प्रेमियों द्वारा स्टॉक एकत्रित कर लिया गया। अंग्रेजी के अलावा मदिरा प्रेमियों की भीड़ देशी दुकानों में भी लगी रही। मदिरा प्रेमी शराब खरीदने के लिए लाइन लगाकर खड़े रहे।

## कांग्रेसियों ने जिला प्रशासन को फूंका पुतला, नारेबाजी भी की

**महासमुंद।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर महासमुंद कांग्रेस कमेटी के द्वारा जिला प्रशासन महासमुंद का पुतला दहन किया गया। बागबाहरा जनपद पंचायत में कांग्रेस जनपद सदस्यों के बहुमत से डर कर जिला प्रशासन द्वारा बार-बार चुनाव तारीखे आगे बढ़ाई जा रही है जिससे सत्ता पक्ष के लोगों के द्वारा जनपद सदस्यों को खरीद फरोख्त करके या दबाव डालकर अपने पक्ष में मतदान करने को विवश किया जा सकता है। विजयी हुए जनपद सदस्यों एवं उनके परिवार के साथ शासन प्रशासन आमनवीय व्यवहार कर रहे हैं बिंद्रावन क्षेत्र की जनपद सदस्य लता कुमार और घुंचापाली क्षेत्र की जनपद सदस्य मधुलिका चंद्राकर पर खुलेआम दबाव बनाने के लिए उनके परिवारों के सदस्यों को निशाना बनाया जा रहा है लता कुमार के पति एवं मधुलिका चंद्राकर की सास जो कि शिक्षक हैं का ट्रांसफर 120 से 150 किलोमीटर दूर सरायपाली में कर दिया गया है यह स्थानांतरण पूरी तरह से नियमों के खिलाफ है क्योंकि परीक्षाओं के दौरान शिक्षकों का स्थानांतरण नहीं किया जाता। 4 मार्च को चुनाव तय किए जाने की पश्चात 8 मार्च तक बढ़ाया गया अब 12 मार्च कर दिया गया है सत्तापक्ष जनपद सदस्यों की खरीद फरोख्त और दबाव बनाकर चुनाव को प्रभावित करना चाहता है जिसमें शासन प्रशासन सत्ता के हाथों में खिलौना बने दिखाई दे



रहे है। इस कारण कांग्रेस कमेटी द्वारा धरना प्रदर्शन कर जिला प्रशासन का पुतला दहन किया गया जिसका नेतृत्व डॉ.रश्मि चंद्राकर जिला अध्यक्ष, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, निखिलकांत साहू नगर पालिका अध्यक्ष, सोमेश दवे, गुरमीत चावला प्रभारी महामंत्री, प्रदीप चंद्राकर, भरत सिंह ठाकुर, ममता चंद्राकर, निर्मल जैन, सोनम रामटेके, अक्षय राव साकरकर, पार्षद सूरज नायक, मुश्ताक खान, टोमन सिंग कागजी, जावेद चौहान, देवेश शर्मा, डॉ. तरुण साहू, बबलू महानंद, डॉ. एजाज नकवी, नितेंद्र बैनर्जी, अजय थवाईत, सचिन गायकवाड, दीपेश रामटेक, मेहुल सूचक, सन्नी महानंद, निखिल साहू, अमर परचानी, भानु सोनी इत्यादि कांग्रेस नेता उपस्थित रहे।

# धान सूखने की चिंता में 'सूख' रहे उपार्जन केंद्र प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- एक लाख टन से अधिक धान का उठाव शेष

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बाद 28 फरवरी तक सभी 182 केंद्रों से धान उठाव का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। निर्धारित अवधि के 13 दिन बाद भी उपार्जन केंद्रों से अभी तक लगभग साढ़े नौ लाख टन धान का उठाव समितियों से हो पाया है, वहीं 1 लाख टन से अधिक धान का उठाव अभी भी शेष है। ऐसे में केंद्र प्रभारियों को धान सूखने की चिंता सता रही है।

बता दें कि इस साल 1 लाख 62 हजार 323 किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन कराया है। जिसमें से 1 लाख 53 हजार 281 किसानों ने धान बेचा। जिसके एवज में किसानों को 2539 करोड़ रुपए का भुगतान हो चुका है। जिले के 182 धान उपार्जन केंद्रों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर किसानों से 1104273.24 टन धान की खरीदी हुई है। जिसमें से 11 मार्च तक 993774.49 टन धान का उठाव समितियों से पूरा कर लिया गया है। जिसमें से 751243.85 मिलर को व 242530.64 संग्रहण केंद्रों में धान दिया गया है। वहीं अभी भी 110498.75 धान का उठाव समितियों से किया जाना बाकी है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को समाप्त हुए 39 दिन बीते चुके हैं। बावजूद अभी भी इस तरह की समस्या उपार्जन केंद्रों में बनी हुई है। वहीं गर्मी की दस्तक भी शुरू हो गई है।

इधर, दोपहर में तेज धूप के चलते इसका असर उपार्जन केंद्रों में पड़े धान पर पड़ रहा है। जिससे



उपार्जन केंद्रों में रखे धान तेजी से सूखने लगे हैं। ऐसे में केंद्र प्रभारियों को धान सूखने की चिंता और बढ़ गई है । विभाग के जिम्मेदार अफसरों को जानकारी के बावजूद इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उठाव में विलंब होने से शार्टेज से समितियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

### केंद्रों की बढ़ी मुश्किलें

जिले के करीब 70 फीसदी उपार्जन केंद्रों में 90 प्रतिशत धान का उठाव हो चुका है। महासमुंद और बागबाहरा ब्लॉक के केंद्रों में धान उठाव की स्थिति अच्छी है। यहां के केंद्रों से 95 फीसदी तक धान का उठाव कर लिया गया है। विकासखंड वार के आंकड़ों के अनुसार महासमुंद में 96 प्रतिशत, बागबाहरा में 93, पिथौरा में 82, बसना में 96 और सरायपाली में 86 प्रतिशत धान का उठाव हो चुका है। जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने बताया कि जिस गति से धान का उठाव होना चाहिए, वैसा नहीं हो रहा है। इससे हर समिति में सूखत की समस्या आ रही है। 200 से 300 क्विंटल तक सूखत की समस्या आ रही है।

### धान उठाव में आई है तेजी

इस संबंध में नोडल अधिकारी, महासमुंद अविनाश शर्मा का कहना है कि पिछले 15 दिनों से धान के उठाव में तेजी आई है। धान संग्रहण केंद्रों में धान को सुरक्षित रखने पूरी व्यवस्था की गई है। होली पर्व के चलते उठाव प्रभावित होगा। माह अंत तक शेष उपार्जन केंद्रो से पूरा धान उठा लिया जएगा।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर लोगों को किया जागरूक

## बोरियाझर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन, स्वयं सेवकों को साइबर अपराध की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम बोरियाझर में शासकीय पॉलिटेक्निक के प्राचार्य चंद्रिका विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर 6 मार्च से 12 मार्च तक आयोजित किया गया। प्राचार्य चंद्रिका विश्वकर्मा ने अपने उद्बोधन में शिविर की दिनचर्या में बताया कि प्रतिदिन प्रातः प्रभातफेरी निकालकर स्वच्छता संबंधित नारे व गीत के माध्यम से लोगों को जागरुक किया गया। तत्पश्चात योगाभ्यास कराया। स्वयंसेवकों द्वारा परियोजना कार्य में गांव की सफाई, स्वच्छता व दीवार में नारा लेखन कर जागरूक किया जाता है। दोपहर में बौद्धिक परिचर्चा होती है। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी पहुंचकर लोगों को उस विभाग से जुड़ी योजनाओं की जानकारी व मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

इसी क्रम में शिविर के द्वितीय दिवस मेघारानी ताम्रकार मनोविज्ञान जिला चिकित्सालय द्वारा नशामुक्त भारत थीम पर जागरुकता कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता आयोजित किए गए। तृतीय दिवस में चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने हेल्थ से जुड़ी जानकारी दी। साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण किए। चतुर्थ दिवस तरूणा मदनकार ने सायबर सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। पंचम दिवस डॉ लक्ष्मीकांत कराल ने प्रभावशाली संचार कौशल




एवं षष्ठम दिवस में डॉ रामगोपाल खूंटे द्वारा हेल्थ एंड स्ट्रेस मैनेजमेंट पर व्याख्यान दिया गया। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। शिविर समापन अवसर पर शासकीय पॉलिटेक्निक के प्राचार्या चंद्रिका विश्वकर्मा ने ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास को गति प्राप्त होती है। साथ ही उन्होंने युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के बारे में युवाओं को अवगत कराया। सभा को ग्राम पंचायत के सरपंच रूखमणि भोई ने भी संबोधित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत डिजिटल साक्षरता नाटक व छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी सालिक राम ढीमर ने आभार प्रकट किया। इस अवसर पर शासकीय पॉलिटेक्निक के अधिकारी डॉ लक्ष्मीकांत कराल, हेमंत कुमार महोबिया, वैभव वर्मा, शारदा चरण गुप्ता, युधिष्ठिर प्रधान, डॉ वीनू चंद्राकर एवं समस्त अधिकारी, बोरियाझर के सरपंच, उपसरपंच श्री साहू, पूर्व उपसरपंच व वरिष्ठजन, ग्रामीण अध्यक्ष, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष, खेमन कुमार साहू, गोवर्धन साहू लाफिन कला आदि मौजूद रहे।

### गोस्वामी समाज का होली मिलन 16 को

**महासमुंद।** छग सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद का होली मिलन कार्यक्रम 16 मार्च रविवार को ग्राम लभरा कला में रामेंद्र प्रकाश गिरि के निवास स्थान पर आयोजित किया गया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी ने बताया कि होली मिलन का कार्यक्रम पारंपरिक रूप से रंग गुलाल लगाकर तथा नगाड़े की थाप पर फाग गीत गायन के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर समाज के विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले सदस्यों तथा पदाधिकारियों का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शंकर पुरी, ओमप्रकाश पुरी, हुलास गिरि, डिगेंद्र गिरि, यशवंत गिरि, देव गिरि, डोगेंद्र गिरि आदि तैयारी में लगे हुए हैं।


## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### होली पर्व में नशा से दूर रहने का युवाओं से किया आह्वान

**रायपुर।** रंग, गुलाल और ख़ुशियों के पावन पर्व होली के अवसर पर आम नागरिकों नशा से दूर रहते हुए प्रेम, स्नेह और भाईचारा के साथ होली पर्व मनाने का अनुरोध किया है। साथ ही युवाओं को नशा से दूर रहने का अपील, आग्रह और आह्वान करते हुए सामाजिक संस्था 'नशा मुक्ति अभियान' के संयोजक अधिवक्ता भगवानू नायक ने इस गंभीर सामाजिक बुराई के विरुद्ध जागरूकता का का संदेश देते हुए कहा नशा एक गंभीर सामाजिक समस्या है, नशा के कारण शारीरिक, मानसिक और सामाजिक क्षति होती है। नशा न केवल व्यक्ति के जीवन को बर्बाद करता है, बल्कि परिवार और समाज के लिए भी एक अभिशाप बन जाता है। उन्होंने कहा होली के मौके पर अक्सर नशीले पदार्थों का सेवन बढ़ जाता है, जिससे आपराधिक घटना और दुर्घटनाओं में वृद्धि होती है। इसलिए इस रंगों इस महापर्व पर नशा से दूर रहकर खुशियों और उत्साह के साथ मनाने का आग्रह है। इसी दौरान नशा मुक्ति महाभियान के रायपुर ज़िला प्रभारी आशीष तांडी ने कहा, होली का त्योहार प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। नशा मुक्ति अभियान में महासचिव जितेंद्र



नायक, संतोष क्षत्री, जयलाल नायक, हरिचरण महानंद, रवि कुम्हार, साधुराम राम नायक, शशि क्षत्री, सत्यानंद तांडी, महेश विभार, पुरुषोत्तम यादव, जगन्नाथ सागर, पारस नायक, बिट्टू क्षत्री, देवशीष नायक आदि शामिल थे।

### तेलीबांधा में हर्बल गुलाल का किया वितरण

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा तेलीबांधा में गुलाल वितरण किया गया, अभी तक पचास हजार पैकेट हर्बल गुलाल के वितरित किए जा चुके है। पिछले पांच दिन से गुलाल वितरण का आयोजन अलग-अलग जगह हो रहा है। इसी दौरान सिंधी काउंसिल के प्रदेशाध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा, सभी वर्ग खुशी से होली मनाए और गुलाल मिलने से बच्चों में जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। होली के पर्व पर सभी रंग के गुलाल वितरण किए गए। गुलाल वितरण करने वालों में सुनील कुकरेजा, बसंत कुकरेजा, पार्षद संतोष साहू, पार्षद महेश ध्रुव, सोनू सलूजा, लक्की कुकरेजा, राजू तारवानी, धनेश मटलानी, चंदर देवानी आदि उपस्थित थे।

### रोटरी क्लब कॉस्मोपॉलिटन ने मनाया होली मिलन

**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कॉस्मोपॉलिटन ने वीआईपी रोड पर फार्म हाउस में बुधवार को फूलों की होली खेल कर होली सेलिब्रेशन का आयोजन किया। सभी मेंबर्स ने होली के स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाते हुए एक-दूसरे के साथ गुलाल से होली खेली। सभी मेम्बर्स ने होली के गानों पर डांस किया एवं गेम्स भी खेला। कार्यक्रम में क्लब प्रेसिडेंट आशीष नथानी सेक्रेटरी, प्रदीप गोयल, दीपक केडिया, अमन टॉटिया एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

### मुख्य आरोपी का नाम लेने से महंत को क्यों परहेज है? : गौरीशंकर

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास ने कहा है कि भारतमाला परियोजना में घोटाले को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने 2021-22 में ही प्रेस वार्ता लेकर स्पष्ट कर दिया था कि कांग्रेस पार्टी की सरकार के संरक्षण में सारा घोटाला हुआ, लेकिन कांग्रेस तब उसे भारतीय जनता पार्टी का दिमागी फितूर करार दे रही थी। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री श्रीवास ने कहा कि आज सरकार जाने के बाद कांग्रेस विधानसभा में घोटाले की बात कर रही है और सीबीआई जांच की मांग कर रही है, जबकि राज्य सरकार इस पर स्वस्फूर्त जाँच कर रही है और दो अधिकारियों को निलंबित करके इस मामले में कड़ी कार्रवाई की गई है।

# खत्म हुआ लंबा इंतजार, केजुअल्टी एवं ट्रामा के मरीजों के लिए नया एसी, गर्मी में मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लगातार उपयोग की वजह से कंडम हो चुका आंबेडकर अस्पताल के केजुअल्टी और ट्रामा इमरजेंसी का एसी बदल दिया गया है। तेज गर्मी की शुरुआत के पहली नया एसी लगने से गंभीर स्थिति में आने वाले मरीजों को राहत मिलेगी। इसके अलावा कुछ अन्य ऑपरेशन थियेटर में भी एसी लगाए गए हैं और अन्य स्थानों पर मरम्मत अथवा बदलाव का काम चल रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने काफी समय पहले अस्पताल के निरीक्षण के दौरान पुराने हो चुके एसी को बदलने के निर्देश दिए थे। इस आधार पर अस्पताल प्रबंधन ने नया एयर कंडीशनर खरीदने की प्रक्रिया शुरू की थी, जो अब पूरी हुई है।

केजुअल्टी एवं ट्रामा (इमरजेंसी) विभाग में 11 नये एयर एसी लगाए गए हैं। अनवरत ढंग से 12 महीने और चौबीस घंटे चलने वाला केजुअल्टी एवं ट्रामा विभाग अस्पताल का सर्वाधिक व्यस्त विभाग है। यहां रोड ट्रैफिक एक्सीडेंट इंज्युरी/आरटीए सहित गंभीर चोटों और अन्य दुर्घटना में घायल मरीजों का इलाज होता है। इसके साथ ही यहां पर इमरजेंसी मेडिसिन विभाग एवं केजुअल्टी ट्रायेज भी है। कुल 30 बिस्तरों की क्षमता वाले इस विभाग में आपात स्थिति में सबसे पहले मरीज यहीं पहुंचता है, जहां से प्रारंभिक उपचार के बाद स्थिति स्थिर होने पर संबंधित वार्डों में शिफ्ट किया जाता है। इन विभागों में पूर्व में लगाए गए एसी काफी समय से उपयोग होने की वजह से खराब हो गये थे। वहीं अन्य विभागों में स्थापित एसी का मेंटेनेंस किया जा रहा है तथा जहां आवश्यक हो वहां नए एसी लगाये जायेंगे। इसी क्रम में गायनिक ऑपरेशन थियेटर में दो नये एसी लगाये गये हैं।

## स्वास्थ्य मंत्री ने नया एसी खरीदने दिए थे निर्देश, अन्य स्थानों पर भी लगेंगे

### सप्ताहभर में शुरू होगा न्यू ट्रामा का ओटी

पांच महीने पहले आंबेडकर अस्पताल के न्यू ट्रामा वार्ड के ओटी में शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई थी। आगजनी में बेहद नुकसान हुआ था और वहां ऑपरेशन बंद करना पड़ा था। इस ओटी को सुधारने का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। न्यू ट्रामा वार्ड में दो नई ओटी लाइट लग गई है और वहां भी नये एसी इंस्टॉलेशन की प्रक्रिया की जा रही है। न्यू ट्रामा में पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड को भी प्रारंभ किया जायेगा। न्यू ट्रामा ओटी में कल्चर टेस्ट हो जाने के बाद नियमित रूप से ऑपरेशन होने लगेंगे।



**मरीजों की सुविधा का ध्यान**


पिछली बार निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने निर्देश दिए थे कि सर्वाधिक व्यस्त रहने वाले इन विभागों में मरीजों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। उनके निर्देशानुसार यहां नये एसी लगाए गए हैं।
*- डा. संतोष सोनकर, चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल*

### पेइंग वार्ड और सीएमओ दफ्तर बाकी

आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अस्पताल के पेइंग वार्ड में भी सुधार के निर्देश दिए गए थे। यहां नए एसी के साथ अन्य सुविधाएं देने के साथ नये शुल्क का निर्धारण किए जाना था। पेइंग वार्ड में भी एसी लगाने का काम प्रक्रियाधीन है। इसी तरह सीएमओ (आपात चिकित्सा अधिकारी) कार्यालय में पुराना एसी बदलने का प्रस्ताव दिया गया है। गर्मी के मौसम में वार्डों और इमरजेंसी को वातानुकूल बनाए रखने के लिए नए भवन में सेंट्रलाइज कूलिंग सिस्टम की व्यवस्था किए जाने का प्रावधान है।

## मुखौटे प्रतिबंधित

# फिर भी होली की दुकानों में खुलेआम 50 से 100 रुपए में बिक रहे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला प्रशासन ने होली त्योहार पर डीजे के साथ मुखौटे पर प्रतिबंध लगा रखा है। इसके बाद भी शहर की स्थाई और अस्थाई रंग-गुलाल-पिचकारी की अनेक दुकानों में मुखौटों की खुलेआम बिक्री हो रही है। प्रशासन ने मुखौटे पर प्रतिबंध तो लगा रखा है, लेकिन इसे बेचने वालों पर नकेल कसने और कार्रवाई करने के लिए टीम का गठन नहीं किया है। इस कारण शहर में होली विक्रेता बेधड़क दुकानों में मुखौटे बेच रहे हैं।

### 50 से 100 रुपए में बिक रहे हॉरर शेर सहित कई तरह के मुखौटे

होली सामान की दुकानों में रंग-गुलाल, पिचकारियों के साथ हॉरर, शेर सहित कई जानवर, कार्टून के मुखौटे भी बेचे जा रहे हैं। ये मुखौटे 50 रुपए से लेकर 100 रुपए तक बिक रहे हैं। शहर में गोलबाजार, लाखेनगर, आमापारा, संतोषीनगर, अमलीडीह, न्यू राजेंद्र नगर, कटोरा तालाब, तेलीबांधा, सुंदरनगर, पंडरी, मोवा सहित कई इलाकों में जहां-जहां होली सामानों की दुकानें लगी हैं, उनमें ज्यादातर दुकानों में प्रतिबंधित मुखौटे भी बिक रहे हैं। हालांकि कई दुकानों में चोरी छिपे बेचा रहा है, तो कई दुकानों में स्टॉल में या फिर लटका कर बेचा जा रहा है।

## पैसों के स्त्रोत को लेकर आयकर अफसर ड्राइवरों से कर रहे पूछताछ

# एक करोड़ 67 लाख के स्त्रोत को लेकर पुलिस के साथ आईटी की टीम उलझी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टाटीबंध के पास कार से जब्त एक करोड़ 67 लाख रुपए की गुत्थी सुलझाना पुलिस तथा आयकर विभाग के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। जब्त रुपए किसके हैं, उसे नागपुर में किसे डिलीवरी देने जाना था, इसकी जानकारी पुलिस तथा आयकर विभाग की टीम को नहीं लगी है। आमानाका पुलिस ने मंगलवार देर रात कार जांच के दौरान रुपए जब्त किए थे। इसके बाद पुलिस ने रुपए जब्त करने की जानकारी आयकर अफसरों को दी। आयकर अफसर गिरफ्तार कार चालकों से पूछताछ कर रहे हैं।

- इंडिया सिरीज के नंबर से इनोवा कार की सीट के नीचे चेंबर बनाकर ले जा रहे थे रुपए

पुलिस ने घटना दिनांक को मुखबिर की सूचना पर टाटीबंद के बास कार से नोट ले जा रहे उत्तरप्रदेश, मथुरा निवासी श्रीकांत सिंह तथा आगरा निवासी विनोद कुशवाहा को गिरफ्तार किया है। पुलिस जब्त रुपए को हवाला के माध्यम से ले जाने की बात कह रही है। पूछताछ में पुलिस को इतनी ही जानकारी मिल पाई है कि दोनों कुरियर ब्वाय पेशे से ड्राइवर हैं। उन्हें कार सहित रुपए नागपुर में छोड़ने के लिए कहा गया था।

### वाट्सएप काल से संपर्क

श्रीकांत तथा उसके साथी ने पुलिस को बताया है कि वो दोनों पेशे से ड्राइवरी का काम करते हैं। वे किसी काम से रायपुर आए थे। इस दौरान उन्हें एक वाट्सएप कॉल आया। कॉल करने वाले ने श्रीकांत तथा उसके साथी को रेलवे स्टेशन के पास कार खड़े होने की जानकारी दी। साथ ही उन्हें कार का नंबर बताया। कॉल करने वाले ने दोनों को कहा कि कार को वे नागपुर रेलवे स्टेशन के पास छोड़ दें। इसके बदले में उन्हें कार ले जाने का मेहनताना दिया जाएगा। इस पर श्रीकांत तथा उसका साथी कार ले जाने राजी हो गए। श्रीकांत तथा उसके साथी का कहना है कि उन्हें कार में रखे रुपए के बारे में पूर्व से जानकारी नहीं थी।



### हवाला कारोबार का गढ़ नागपुर

नागपुर हवाला कारोबार का बड़ा गढ़ है। रायपुर सहित प्रदेश के ज्यादातर शहरों से हवाला की रकम नागपुर के रास्ते पहुंचाने का काम किया जाता है। इसमें सट्टे की रकम भी शामिल है। जब्त रुपए हवाला का है या किसी अन्य का, इस संबंध में पुलिस तथा आयकर विभाग के अधिकारी अधिकृत बयान जारी करेंगे, तभी रहस्य से पर्दा उठ पाएगा।

### जांच के दौरान घबराए युवक

पुलिस के अनुसार कार की जांच की जा रही थी, इस दौरान कार के पीछे की तरफ के दरवाजे खोलने कहा गया। इस दौरान दोनों युवक कार के पीछे का दरवाजा खोलने आना-कानी करने लगे। इस पर पुलिस को कार में संदिग्ध वस्तु होने की आशंका हुई। पुलिस ने दबाव डालकर दरवाजा खुलवाया, तो कार की सीट के नीचे चेंबर बना था। चेंबर खोलकर देखने के बाद पुलिस की आंख खुली की खुली रह गई। चेंबर नोटों से भरा हुआ था। इससे जाहिर होता है, कार चालक को कार में पहले से रुपए होने की जानकारी थी।

### आईटी अफसरों के बाद पुलिस करेगी पूछताछ

गिरफ्तार दोनों युवकों से बुधवार को आईटी के अफसर रुपए के बारे में पूरे दिन पूछताछ करते रहे। पूछताछ में दोनों युवकों ने आईटी के अफसरों को रुपए के बारे में क्या जानकारी दी है, आईटी अफसरों ने इसकी अब तक किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दी है। पुलिस का कहना है कि दोनों युवकों से गुरुवार को पूछताछ की जाएगी। इसके बाद रुपए के स्त्रोत तथा किस उद्देश्य के लिए ले जाया जा रहा था, इसके बारे में कुछ बता पाने की बात कह रही है।

## 200 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त

# पंडरी में वनश्री इंटरप्राइजेस का औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणिग्रही के नेतृत्व में जोन 3 स्वास्थ्य अमले ने बुधवार को पंडरी क्षेत्र स्थित वनश्री इंटर प्राइजेस का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान दुकान से करीब 200 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त किया गया। दुकान संचालक को प्रतिबंधित पॉलीथिन को लेकर कड़ी चेतावनी दी गई।

जोन 3 जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे के निर्देश पर छत्तीसगढ़ राज्य पर्यावरण संरक्षण मण्डल क्षेत्रीय कार्यालय के वैज्ञानिक मानिक चंदेल, उप अभियंता एसके चौधरी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन तांडी सहित पुलिस प्रशासन बल के सहयोग से प्रतिबंधित पॉलीथिन को लेकर अभियान चलाया गया। इस दौरान पंडरी बाजार क्षेत्र में वनश्री इंटरप्राइजेस दुकान से करीबन 200 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त कर उसे टाटा 407 वाहन में भरकर जोन कार्यालय ले जाया गया।

### दुकानों में डस्टबिन नहीं रखा, जुर्माना

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने 10 जोन में स्थित बाजार क्षेत्रों में सफाई की स्थिति जांचने दुकानों का निरीक्षण किया। इसमें 29 दुकानों में निरीक्षण के दौरान डस्टबिन नहीं मिलने पर संबंधित दुकान संचालकों से 5,600 रुपये जुर्माना लगाया गया। वहीं गंदगी फैलाने वालों को चेतावनी देते हुये जुर्माना किया गया। जोन स्तर के स्वास्थ्य विभाग की टीम इन दिनों स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के संबंध में शहरवासियों को सफाई के प्रति जागरूक करने स्थल निरीक्षण कर रही है।

# होली के पहले गर्मी ने दिखाया रंग, सारंगढ़ में पारा 40 पर रायपुर, बिलासपुर 39 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

होली के दो दिन पहले गर्मी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। बुधवार को सारंगढ़ का तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया, वहीं रायपुर, बिलासपुर में 39 डिग्री की गर्मी रही। चौबीस घंटे में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़ोतरी होने से दोपहर गर्म हवा का अहसास होता रहा।

- चौबीस घंटे में दो से तीन डिग्री तक उछला तापमान, दोपहर गर्म हवा का अहसास

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों ने मंगलवार को गर्मी में तेजी से बढ़ोतरी होने का अनुमान जताया था जो सही साबित हुआ। रात को मौसम सामान्य स्थिति में रहा मगर दिन निकलते ही गर्मी ने अपना प्रभाव दिखाना शुरू किया और दोपहर तक शहर में 39 डिग्री की गर्मी ने लोगों को असहज करना शुरू कर दिया। दोपहर की तेज धूप के कारण लोगों को गर्म हवा का अहसास हुआ।

रायपुर की तरह बिलासपुर सहित उत्तरी इलाके के कई जिलों में गर्मी की रफ्तार बढ़ी हुई महसूस हुई। सर्वाधिक गर्म सारंगढ़-बिलाईगढ़ रहा। विशेषज्ञों का कहना है कि इस दौर में तापमान अपनी पूरी ताकत दिखा चुका है, अब इसमें ज्यादा वृद्धि होने की संभावना नहीं है। गुरुवार को मौसम में स्थिरता रहेगी, फिर होली के दिन से गिरावट होगी, मगर अभी की गर्मी में ज्यादा बदलाव होने की संभावना नहीं है।

# कारागार में गैंगस्टर का फोटो शूट, जेल डीआईजी पहुंचे निरीक्षण करने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एनकाउंटर में ढेर अमन साहू के जेल में फोटो शूट का सोशल मीडिया में रील वायरल होने के बाद जेल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रश्न चिन्ह लग रहे हैं। जेल डीआईजी एसएस तिग्गा लगातार दो दिन रायपुर सेंट्रल जेल का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। इस संबंध में जेल सुपरिंटेंडेंट अमित शांडिल्य ने जेल डीआईजी की रूटीन जांच बताई है। साथ ही उन्होंने अमन के वायरल फोटो को अपने जेल की होने की बात से साफ इनकार किया है।

- जेल सुपरिंटेंडेंट ने गैंगस्टर का अपनी जेल का फोटो होने से किया इनकार



गैंगस्टर के जेल में फोटो शूट को लेकर जेल सुपरिंटेंडेंट का कहना है कि अमन पूरे समय जेल प्रहरी की निगरानी में रहा है। ऐसे में जेल में उसका फोटो शूट संभव ही नहीं है। अमन की एक फोटो में जेल की दीवार में बने ब्लैक बोर्ड में उसके नाम के साथ दिनांक का उल्लेख है। दिनांक में साफ तौर पर 19 अक्टूबर 2024 दिख रहा है। अमन को रायपुर पुलिस 14 अक्टूबर को गिरफ्तार कर रायपुर लाई थी। ऐसे में अमन का जेल का वायरल फोटो रायपुर जेल की होने की साफ तौर पर पुष्टि हो रही है। जेल सुपरिंटेंडेंट अमन के 24 घंटे सीसीटीवी निगरानी में होने का भी दावा कर रहे हैं।

### फायरिंग की प्लानिंग के तार रायपुर जेल से

पिछले सप्ताह रांची में कोल ट्रांसपोर्ट से जुड़े कारोबारी बिपिन मिश्रा तथा उनके गार्ड पर जो फायरिंग की घटना हुई थी, उसमें अमन का नाम सामने आया था। अमन का नाम सामने आने के बाद झारखंड पुलिस उसे प्रोटेक्शन वारंट में अपने साथ झारखंड ले जा रही थी। जेल में अमन का फोटो शूट होकर सोशल मीडिया में वायरल हो सकता है। ऐसे में आशंका है कि अमन साहू ने रायपुर जेल से अपने गुर्गों को दिशा निर्देश देकर फायरिंग की घटना को अंजाम दिलवाया हो।

### वकील ने एनकाउंटर पर उठाए सवाल

अमन साहू के वकील अमित बैनर्जी ने एनकाउंटर पर सवाल उठाया है। उन्हें पहले से अमन के एनकाउंटर होने की आशंका थी। इसीलिए कोर्ट में आवेदन लगाकर झारखंड शिफ्टिंग के समय की वीडियोग्राफी के साथ ही अमन को प्लेन या ट्रेन के जरिए ले जाने की मांग कोर्ट से की थी। वकील के अनुसार एनकाउंटर के बाद अमन का परिवार सदमे में है। अमन के वकील ने कहा कि मामले की हम सीबीआई जांच की मांग करेंगे।

# 9 बांधों के सुधार के लिए 522.22 करोड़ रुपए ऋण लेगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैबिनेट ने राज्य के जल संसाधन विभाग के 9 बांधों के सुधार कार्यों के लिए 522.22 करोड़ रुपए भारत सरकार के माध्यम से ऋण स्वीकृति प्राप्त करने का निर्णय लिया गया। इनमें मनियारी टैंक, घोंघा टैंक, दुधावा, किंकारी, सोंढूर, मुरुमसिल्ली (भाग-2), रविशंकर सागर परियोजना (भाग-2), न्यूज रूद्री बैराज और पेण्ड्रावन टैंक शामिल हैं। मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। स्टेट वाटर इंफॉर्मेशन सेंटर वर्षा, नदी और जलाशयों के स्तर, भूजल गुणवत्ता, गाद, नहरों में जल प्रवाह, फसल कवरेज, जलभृत मानचित्रण, भूमि और मिट्टी के डेटा सहित जल संसाधन संबंधी विभिन्न सूचनाओं का संग्रह, विश्लेषण और भंडारण करेगा। विकसित डिजिटल प्लेटफार्म की सहायता से जल संसाधन प्रबंधन के लिए प्रमाणिक डेटा उपलब्ध कराएगा।

## 3 घंटे चली बैठक में चैंबर चुनाव पर ही चर्चा केंद्रित रही

# बजाज ने छोड़ा पारवानी का साथ एकता पैनल के संयोजक बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के चुनाव को लेकर खींचतान जारी है। निवृत्तमान अध्यक्ष अमर पारवानी के चुनाव मैदान से हटने के दूसरे ही दिन विनय बजाज की एकता पैनल में वापसी हो गई है। अमर पारवानी के जय व्यापार पैनल का साथ छोड़कर वे श्रीचंद सुंदरानी के व्यापार एकता पैनल में लौट आये हैं। उन्हें व्यापार एकता पैनल का संयोजक बनाया गया है।

विदित हो, जय व्यापार पैनल से कुछ समय पूर्व अमर गिदवानी, अमर पारवानी का साथ छोड़कर व्यापारी एकता पैनल में शामिल हुए थे। इधर जय व्यापार पैनल से अमर पारवानी के



अध्यक्ष पद के लिए चुनाव मैदान से हटने की घोषणा के बाद प्रदेशभर के विभिन्न जिलों से व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि बुधवार को रायपुर पहुंचे और अमर पारवानी से मिलकर उन्हें चुनाव मैदान में डटे रहने आग्रह किया। बैठक में जय व्यापार पैनल के संरक्षक आसुदामल वाधवानी, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, रामजी पटेल मौजूद रहे।

निवृत्तमान प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने व्यापारी संगठन के प्रतिनिधियों से कहा कि नई पीढ़ी को भी मौका मिलना चाहिये। पैनल के वरिष्ठजन जिन्हें पैनल से अध्यक्ष पद का प्रत्याशी सर्वसम्मति से बनायेंगे, वे उनका पूरा समर्थन करेंगे। सूत्रों के मुताबिक करीब 3 घंटे चली बैठक में चैंबर चुनाव पर ही चर्चा केन्द्रित रही। पारवानी समर्थकों ने भी उन्हें मनाने की कोशिश की, पर वे अपनी बात पर डटे रहे।

जय व्यापार से अध्यक्ष पद का प्रत्याशी कौन होगा, इस बात को लेकर व्यापारी जगत की निगाहें टिकी हुई हैं। यह भी अटकलें लगाई जा रही हैं कि इस बार चैंबर चुनाव में जय व्यापार पैनल नए चेहरे पर दांव लगा सकता है।

शहर की दुकानों में बढ़ने लगी भीड़, आयोजनों के लिए भी मिल रहे आर्डर

# भांग दुकानों में शौकीनों की रौनक होली में एक क्विंटल बिकने की आस

**रायपुर।** रंगों के महापर्व होली में एक वर्ग भांग व ठंडाई से घर आने वाले लोगों का स्वागत करने वाला है। इसके लिए तैयारियों का सिलसिला शुरू हो गया है। शहर की भांग दुकानों पर शौक रखने वाले लोगों की भीड़ बढ़ने लगी है। इसे देखते हुए भांग दुकान चलाने वाले लोगों को तीन दिन में करीब एक क्विंटल भांग बिकने की आस है। इस बार भी पीसकर तैयार की गई भांग की डिमांड ज्यादा है। राजधानी में इस बार भी रंगों की फुहार के बीच भांग के साथ ठंडाई परोसने की तैयारी लोग करने लगे हैं। इसके चलते बुधवार को दिनभर पेठालाइन के साथ ही तात्यापारा चौक, स्टेशन रोड सहित आधा दर्जन से भी ज्यादा दुकानों में भांग की पूछ-परख रही। दुकान चलाने वाले ठेका कर्मियों ने बताया



कि होली में लोग पीसकर तैयार की गई भांग की मांग ज्यादा करते हैं। कम लोग ही सूखा पत्ता खरीदते हैं। गीला भांग खरीदने वाले एक पाव से आधा किलो तक लेते हैं। दुकान कर्मियों का तर्क है कि शहरी क्षेत्र में ही आधा दर्जन दुकानें हैं, जहां लोगों ने भीड़ से बचने के लिए आर्डर दिया है। ऐसे ग्राहक शुक्रवार को 11 बजे से पहले लेने आते हैं। इस होली में 3000 रुपए किलो गीला भांग तो 4000 रुपए किलो सूखा पत्ता बेच रहे हैं। इस बार भी 6000 रुपए किलो भांग पाउडर बिक रहा है।

## धार्मिक यात्रा के लिए 1200 सिख व सिंधी जत्था रवाना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिख संगठन द्वारा आयोजित हजूर साहिब नांदेड़ व गुरुद्वारा नानक झीरा बिदर की निशुल्क धार्मिक यात्रा के लिए बुधवार को रायपुर रेलवे स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा से जत्था रवाना हुआ। इसे नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने हरी झंडी दिखाते हुए शुभारंभ किया। मोनू सलूजा ने बताया कि यात्रा का यह 24वां वर्ष है। इसमें 1200 सिख, सिंधी एवं हिंदू श्रद्धालु शामिल हैं। इनके लिए 13 बसों व 4 ट्रकों की व्यवस्था निःशुल्क धार्मिक यात्रा के लिए की गई है।

# एक्सपायरी डॉट से बायसन की मौत, डॉक्टर को मूल विभाग में भेजने तीसरी दफा लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

एक्सपायरी डॉट लगाने की वजह से बायसन की मौत के जिम्मेदार डॉक्टर राकेश वर्मा को उनके मूल विभाग पंचायत एवं ग्रामीण विकास में वापस भेजने विभागीय अफसरों ने वनमंत्री केदार कश्यप को तीसरी दफा पत्र लिखा है। बावजूद इसके डॉक्टर को उनके मूल विभाग में नहीं भेजा गया है।

बायसन की मौत के बाद डॉ. वर्मा के सारे प्रभार छीन लिए गए हैं। ऐसे में वन्यजीवों की सुरक्षा महज एक डॉक्टर पीके चंदन के भरोसे चल रही है। डॉ. वर्मा का संविलियन जब तक निरस्त नहीं हो जाता, तब तक नए वन्यजीव डॉक्टर की नियुक्ति कर पाना संभव नहीं है। जनवरी में जंगल सफारी से एक मादा सब एडल्ट बायसन को ट्रांसलोकेट कर गुरु घासीदास नेशनल पार्क के लिए रवाना किया गया था। बायसन को बेहोश करने के बाद होश में लाने जो डॉट लगाए गया था, वह एक्सपायरी था, जिसकी वजह से बायसन होश में नहीं आया और उसकी बेहोशी की हालत में रास्ते में मौत हो गई। एक्सपायरी डॉट लगाने से बायसन की मौत की जानकारी मिलने के बाद आनन-फानन में विभागीय अफसरों ने डॉक्टर को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा। इसके साथ ही डॉक्टर के सारे प्रभार छीन लिए गए।

- पत्र में डॉक्टर की गलत तरीके से प्रतिनियुरक्ति करने का उल्लेख
- वर्तमान में वन्यजीवों का स्वास्थ्य एक डॉक्टर के भरोसे चल रहा


बायसन को ट्रेंक्यूलाइज करने मार्फिन की तीन से आठ हजार गुना ज्यादा हैवी डोज दी गई थी

बायसन को होश में लाने जो दवा दी गई थी वह कालातीत, उसी से मौत, डॉक्टर को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बेहोश करने और होश में लाने इस दवा की डोज दी गई

पांच और बायसन शिफ्ट किए जाने की थी तैयारी

डॉक्टर को शोकॉज नोटिस

एक्सपायरी दवा से मौत

**हिमालयन भालू की मौत भी लापरवाही का नतीजा :** पिछले महीने नागालैंड जूलॉजिकल पार्क से जंगल सफारी के लिए हिमालयन भालू लाया जा रहा था, जिसकी सफारी पहुंचने से पहले रास्ते में मौत हो गई थी। उस भालू को लाने के समय मॉनिटरिंग डॉ. वर्मा कर रहे थे। सूत्रों के मुताबिक भालू को रास्ते में मूलभूत सुविधाओं के साथ स्वास्थ्य परीक्षण नहीं मिल पाने की वजह से भालू की मौत हुई थी।

### गलत तरीके से प्रतिनियुक्ति

विभागीय सूत्रों के मुताबिक एसीएस ऋचा शर्मा ने विभागीय मंत्री केदार कश्यप को पत्र लिखा है। पत्र में एसीएस ने डॉक्टर वर्मा की प्रतिनियुक्ति गलत तरीके से किए जाने की बात का उल्लेख किया है। बावजूद इसके डॉक्टर के खिलाफ शासन स्तर पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

### आईएफएस ने एफआईआर दर्ज करने की थी अनुशंसा

डॉ. वर्मा के खिलाफ बायसन को एक्सपायरी डॉट लगाकर बायसन को मारने तक का ही आरोप नहीं है, उनके खिलाफ वर्ष 2017-18 में वसुंधरा नामक लॉयन की मेटिंग कराकर गर्भधारण कराने का आरोप है। इस मामले में डॉक्टर ने अपने आपको बचाने के लिए सरकारी दस्तावेज में कूटरचना करने तक की साजिश की थी। दस्तावेजों में कूटरचना करने की वजह से जंगल सफारी प्रबंधन ने डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने तक की अनुशंसा की थी, जिस पर अब तक किसी तरह से कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

## पानी, बिजली और सड़क का काम प्राथमिकता से पूरा करें

# कलेक्टर ने जीजामगांव में निर्माणाधीन औद्योगिक पार्क का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सोमवार की सुबह जीजामगांव में विकसित हो रहे औद्योगिक पार्क क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने इस क्षेत्र में विकसित की जा रही सुविधाओं की जानकारी अधिकारियों से ली। कलेक्टर ने औद्योगिक पार्क में चल रहे निर्माण कार्यों को तेज करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने औद्योगिक पार्क में काम करने वाले श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने औद्योगिक पार्क क्षेत्र में सड़क बनाने का काम पूरी गुणवत्ता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सड़क के काम में कोताही बरतने पर कड़ी कार्रवाई और लागत राशि वसूलने की भी सख्त हिदायत दी।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के पास जी-जामगांव में लगभग 10 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर सामान्य औद्योगिक क्षेत्र विकास का कार्य तेजी से किया जा रहा है। राज्य सरकार की औद्योगिक नीति के प्रावधानों के अनुसार इस क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के उद्योगों को स्थापित करने के लिए छूट एवं अनुदान आदि सभी सुविधायें उपलब्ध कराई जाएंगी। औद्योगिक क्षेत्र में उद्यमियों को आवश्यकता अनुसार अलग-अलग आकार के 40 भूखण्ड उपलब्ध कराए जाएंगे।



कलेक्टर ने औद्योगिक क्षेत्र में पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने पानी की उपलब्धता और नाली निर्माण का काम तेजी से करने को कहा। कलेक्टर ने परिसर में निर्माणाधीन पानी टंकी के काम का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने पूरे परिसर में उद्योगों की जरूरतों के अनुसार बिजली की भी व्यवस्था निर्धारित समयावधि में करने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्याप्त क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाने, स्ट्रीट लाइट आदि के लिए भी अभी से प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

श्री मिश्रा ने औद्योगिक क्षेत्र में भूमि समतलीकरण करते समय पानी निकासी की उचित व्यवस्था पर भी फोकस करने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि भूमि समतलीकरण के उपरांत परिसर में कहीं भी जलभराव की स्थिति नहीं होनी चाहिए।

## खर्रा पंचायत के लेखराम साहू बने उपसरपंच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम पंचायत खर्रा में उपसरपंच का चुनाव काफी रोमांचक रहा। दो प्रत्याशी नरेंद्र कुमार ध्रुवंशी और लेखराम साहू ने उपसरपंच के लिए दावेदारी दी। लेखराम साहू को 10 मत वहीं नरेंद्र ध्रुवंशी को 3 मत मिले। इस तरह से लेखराम साहू उपसरपंच चुने गए। विदित हो कि सरपंच चुनाव में केशरी ओमप्रकाश ध्रुव ने खेमीन परमानंद ध्रुव को 6 वोटों से पराजित किया। मौके पर नवनिर्वाचित सरपंच केशरी ओमप्रकाश ध्रुव सहित पंचगण कुसुमलता ध्रुवंशी, रुक्मणी वर्मा, खिलावन साहू, पार्वती कश्यप, त्रिवेणी साहू, लेखराम साहू, दुष्यंत पटेल, दीना साहू, सतरूपा साहू, नरेंद्र साहू, रंजीता नगारची सहित अन्य उपस्थित थे।

## वार्षिक सम्मेलन में समाज के उत्थान पर किया मंथन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

साल्हेभाट मुड़ा के ग्राम भालूचुआ में आयोजित आदिवासी ध्रुव गोंड समाज परिक्षेत्र सलोनी के वार्षिक सम्मेलन व सभा में समाज के उत्थान और उन्नति पर विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम के अतिथि जिला पंचायत सदस्य अजय फत्ते लाल ध्रुव ने समाज की प्रगति को लेकर अपने विचार रखे।

# 6 माह पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन गर्भवती महिलाओं की हुई गोदभराई

- भैंसबोड़ में महिला जागृति शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

ग्राम भैंसबोड़ में महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीण माहिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती कुलेश्वरी सुनील गायकवाड़ जिपं सदस्य धमतरी, विशिष्ट अतिथि गंगाबाई संतराम साहू सरपंच भैंसबोड़, लेखराम साहू पूर्व सरपंच अंवरी, नागेश साहू उपसरपंच थे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुआ। अतिथियों का स्वागत स्कूल के बच्चों द्वारा स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक नृत्य से किया गया। आंगनबाड़ी के बच्चों ने कविता और गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में 6 माह पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म निभाई गई। अतिथियों द्वारा अंकुरित चना-मूंग, आयरन टेबलेट और श्रीफल, रेडी टू ईट दिया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजन तथा हरी साग सब्जियों की प्रदर्शनी लगाई गई। पर्यवेक्षक अरुणा मिश्रा ने सरकार की विभिन्न योजनाओं सुकन्या समृद्धि योजना, नोनी सुरक्षा, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के बारे में माहिलाओं को जानकारी दी। महिलाओं के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी रखी गई। एएनएम जानेश्वरी बंजारे द्वारा टीकाकरण भी किया गया।







इस अवसर पर अंवरी परिक्षेत्र पर्यवेक्षक नीता वर्मा, अरुणा मिश्रा, मोनिका साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बबीता शिंदे, अनुसुइया साहू, टिकेश्वरी साहू, किरणलता जोशी, मीना यादव, चन्द्रकला भतपहरी, दीपा निषाद, कमलेश मिश्रा, शारदा ध्रुव, जागेश्वरी बघेल, सरोजनी टंडन, हेमा वैष्णव, ईश्वरी तारक, नीलम साहू, लता साहू समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## गणित के प्रति रूचि बढ़ाने शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

- भिलाई में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में बालोद जिले से दो शिक्षकों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुरूर(धमतरी)

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर ने राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई में आयोजित किया जिसमें बालोद सहित राज्य के कुल 50 शिक्षकों ने भाग लिया।

बालोद जिला से अजय वर्मा शिक्षक माध्यमिक शाला पेरपार एवं चांदनी वर्मा सहायक शिक्षक माध्यमिक शाला गुरूर ने तीसरे चरण में जिले का प्रतिनिधित्व किया। अंतिम दिवस सभी प्रतिभागियों ने फीडबैक दिया। प्रशिक्षण कार्यशाला में आईआईटी भिलाई विशेषज्ञों द्वारा शालाओं के विद्यार्थियों में साइंस के प्रति रूचि, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, गणित के प्रति



रूचि, रसायन एवं भौतिक क्रियाओं की समझ बनाने प्रशिक्षित किया गया। आईआईटी भिलाई के डां अनिल साहू ने कहा कि देश के विकास में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है। डां महबूम आलम ने गतिविधि निरीक्षण, खेल प्रयोग, कला और चित्रण आधारित शिक्षण कराने पर जोर दिया। डां अशरीफा द्वारा बीजगणित को प्रेक्टिल आधारित सिद्ध करने सिखाया। डां निकेत ने पानी और हवा की दबाव आधारित क्रिया बताई।

## कालीबाड़ी चौक पर भीख मांगो पेट भरो अभियान चलाया

# फुटकर पथ विक्रेताओं ने व्यवस्थापन की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अनुपम गार्डन से एनआईटी तक सड़क किनारे ठेला, गुमटी लगाकर परिवार का पालन पोषण करने वाले फुटकर पथ विक्रेताओं ने बुधवार को कालीबाड़ी चौक पर प्रदर्शन किया। हाथ में तख्तियां लेकर ये लोग उचित व्यवस्थापन की मांग करने जुटे। इनका कहना है, निगम प्रशासन ने इन्हें पुरानी जगह से हटाकर आमानाका ओवरब्रिज के नीचे व्यवस्थापित कर दिया है। इससे उनके सामने आजीविका की समस्या उठ खड़ी हुई है। प्रभावित फुटकर विक्रेताओं ने भीख मांगो पेट भरो अभियान चलाकर शासन का ध्यान आकर्षित कराया।

- अनुपम गार्डन से एनआईटी तक सड़क किनारे कारोबार करने वाले वेंडर शामिल

पथकर विक्रेता कल्याण संघ, छत्तीसगढ़ हॉकर फेडरेशन और फुटकर फुटपाथ व्यापारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को अनुपम गार्डन से एनआईटी के सामने फुटकर व्यवसाय करने वाले पथकर विक्रेताओं ने भूख मिटाने भीख मांगो अभियान चलाया। नेशनल हॉकर फेडरेशन के उपाध्यक्ष गौतम बंदोपाध्याय और वीरेन्द्र पांडे के नेतृत्व में चलाये गये इस अभियान में प्रभावित फुटकर विक्रेता शामिल हुये। गौतम बंदोपाध्याय ने बताया कि शहर में ठेले और खोमचे लगाकर व्यवसाय करने वाले 40 हजार से अधिक फुटकर पथ विक्रेता सड़क किनारे फुटपाथ पर खड़े होकर छोटा-मोटा काम कर परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने गत दिनों एक निर्देश जारी किया है कि इन पथ विक्रेताओं को पहचान पत्र दिया जाये। साथ ही टाउन वेंडिंग कमेटी बनाकर शहरभर में वेंडिंग जोन तय कर इन्हें व्यवस्थापित किया जाये। जब तक इन वेंडरों का व्यवस्थापन नहीं हो जाता, तब तक वे जहां व्यवसाय कर रहे हैं, वहां से बेदखल न किया जाये, पर नगर निगम प्रशासन इन निर्देशों की अवहेलना कर रहा है।








### 200 से ज्यादा फुटकर विक्रेता प्रभावित

श्री बंदोपाध्याय ने कहा कि 15 फरवरी 2025 को बलपूर्वक पथ विक्रेताओं का ठेला व सामान बिना पावती दिये उठाकर ले गये और सैकड़ों फुटकर विक्रेताओं का व्यवसाय बंद कर दिया गया। अनुपम गार्डन से एनआईटी के सामने सड़क के दोनों तरफ करीब 200 से ज्यादा फुटकर विक्रेता इससे प्रभावित हुये हैं। उनके सामने भीख मांगने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। इसीलिए पथ विक्रेता कल्याण संघ, छत्तीसगढ़ हॉकर फेडरेशन और फुटकर फुटपाथ व्यापारी संघ ने तय किया कि शहर के अलग-अलग हिस्से में भीख मांगकर विरोध जताते हुए उचित व्यवस्थापन की मांग करेंगे।

## नवागांव कसपुर में गणेश बने निर्विरोध उपसरपंच



- पंचायत के विकास के लिए सभी प्रतिनिधियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा : कमलेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम पंचायत नवागांव कसपुर में हुए उपसरपंच चुनाव में सर्वसम्मति से गणेश साहू को निर्विरोध उपसरपंच चुना गया। पंचायत के सभी पंचों ने एकमत होकर उनका समर्थन किया। उनके निर्विरोध निर्वाचन पर नागरिकों में हर्ष का माहौल है। ग्रामवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पंचायत क्षेत्र का विकास नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा।

निर्वाचन के पश्चात गणेश साहू ने सभी पंचों एवं प्रमुखों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उन्हें जनता के सहयोग और विश्वास से मिली है, जिसे वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगी। सरपंच कमलेश्वरी ने कहा कि पंचायत क्षेत्र के विकास के लिए सभी प्रतिनिधियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि गणेश साहू के नेतृत्व एवं सहयोग में पंचायत को नई दिशा मिलेगी और जनहित में प्रभावी कार्य होंगे।

मौके पर पीठासीन अधिकारी शोभितराम नेताम, सचिव प्रमोद महिलांगे, रोजगार सहायक हिरोंदी साहू, पूर्व उपसंरपच शिवकुमार साहू, परऊ मरकाम, केशव विश्वकर्मा, भारत साहू, प्रकाश नेताम, दिनेश साहू एवं पंचगण ईश्वरी नेताम, नवीन नागेश, जानकी साहू, देवकी मरकाम, कुमारीबाई साहू, पवन साहू, शिशुपाल साहू, प्रभा नेताम, हिरौंदीबाई साहू, गन्नू मरकाम, नीरा नेताम, बृजलाल नेताम, रिकी नाग, जयंती नेताम, नीराबाई मरकाम उपस्थित थे।

## नगर व्यवस्था समिति की कार्यकारिणी घोषित

**नगरी।** नगर व्यवस्था समिति नगरी के नवनियुक्त अध्यक्ष नंद यादव ने त्रिवर्षीय कार्यकाल के लिए अपनी टीम की घोषणा की। उपाध्यक्ष दुलेश्वर गौर, उपाध्यक्ष सहदेव साहू, उपाध्यक्ष ईश्वर साहू, उपाध्यक्ष हेमलाल सेन, उपाध्यक्ष दीनदयाल सरपा, उपाध्यक्ष धरम निषाद, उपाध्यक्ष हरीश सार्वा, सचिव प्रदीप जैन, सहसचिव सुरेश साहू, सहसचिव नरेंद्र नाग, सहसचिव अशोक पटेल, कोषाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद साहू, युवा शक्ति विकास सोनी, निखिल नेताम, कुलदीप देवांगन, कार्यकारिणी सदस्य देवीचंद ढेलढिया, नोहर साहू, रामस्वरूप अमतिया, रविन्द्र गौर, प्रदीप निषाद, सूनाराम यादव, देवेन्द्र साहू, बीना राम साहू, कमलेश निर्मलकर, बीर कुमार हिरवानी, नोहरु साहू, सुखु साहू, वरुण साहू, परसादी राम साहू, मार्गदर्शक अंजोर सिंह गौर, रघुराम साहू, राघवेन्द्र वर्मा, ललित शर्मा, हृदय नाग, बृजलाल सार्वा, आरएल श्रीमाली, हिन्छाराम सोम, पुजारीगण सत्योम सोम, ईतवारी राम नेताम, प्रफुल्ल अमतिया, गिरिजाशंकर सोम, पं ठकुरीधर शर्मा, उत्तम गौर, होरी लाल पटेल, शैलेन्द्र लहौरिया, सेमन्त पटेल, मीडिया प्रभारी गोपी कश्यप, कुलदीप साहू, अभिनव अवस्थी, राजशेखर नायर, जीवन नाहटा, गोपी कश्यप, दीपेश निषाद, अशोक संचेती बनाए गए।



## खबर संक्षेप

### जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति का हुआ गठन

**महासमुंद।** छग शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार जिला महासमुंद में जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति का गठन किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा आदेश जारी किया गया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा। समिति में नामांकित अधिकारी इस प्रकार हैं अध्यक्ष अपर कलेक्टर (अथवा डिप्टी कलेक्टर), सदस्य प्रभा मार्कंडेय (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अंत्यावसायी) अनुसूचित जाति वर्ग, रामकुमार ध्रुव (जिला परिवहन अधिकारी) अनुसूचित जनजाति वर्ग, संजय कुमार चौधरी (जिला कोषालय अधिकारी) अन्य पिछड़ा वर्ग, जयमंगल पटेल (अनुसंधान सहायक, टीआरटीआई रायपुर) विषय विशेषज्ञ, संबंधित जिले के अजाक पुलिस थाने में पदस्थ उपपुलिस अधीक्षक और सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास महासमुंद (सदस्य सचिव) शामिल है। समिति का कार्य जिला स्तर पर जाति प्रमाण पत्रों का सत्यापन करना होगा, जिससे प्रमाण पत्रों की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनी रहे।

### विभिन्न संकुलों में आधार सुधार शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** महासमुंद ब्लॉक के विभिन्न संकुलों में 10 मार्च से 19 मार्च तक आधार सुधार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों के अपार आईडी (एपीएआर आईडी) जनरेशन में आ रही समस्याओं का समाधान करना है। विद्यालयों में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक से लेकर हायर सेकेंडरी स्तर तक के छात्रों के अपार आईडी जनरेट करने की प्रक्रिया लगातार चल रही है। हालांकि, कई बच्चों के आधार कार्ड में नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि जैसी त्रुटियों के कारण अपार आईडी नहीं बन पा रही है। इस समस्या के समाधान के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में महासमुंद जिले के सभी संकुल केंद्रों में आधार सुधार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। महासमुंद ब्लॉक में होने शिविर के लिए तिथि निर्धारित की गई है। इसमें 17 मार्च को खट्टी, लाफिनखुर्द, लहंगर, लोहारडीह, मुनगाशेर, नरतोरा, परसदा, 18 मार्च को पटेवा, पीढ़ी, रायतुम, शेर, सिरपुर, सोरम, सिंघी, सोरिद एवं 19 मार्च को तुमगांव, तुरेंगा, उमरदा में शिविर लगेंगे।

**शिक्षा : राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों की कक्षाएं हो रही संचालित**

# महाविद्यालय में स्नातक द्वितीय सेमेस्टर के आंतरिक मूल्यांकन एवं असाइनमेंट के लिए हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत स्नातक द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों को एसईसी (स्किल एनहैंसमेंट कोर्स), आंतरिक मूल्यांकन एवं असाइनमेंट संबंधी जानकारी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने के लिए प्राध्यापकों एवं अतिथि व्याख्याताओं के लिए कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में किया गया।





यह आयोजन एनईपी प्रकोष्ठ डॉ ईपी चेलक, डॉ रीता पांडेय, अजय कुमार राजा, डॉ मालती तिवारी, डॉ अजय कुमार देवांगन, आशुतोष पुरी गोस्वामी के संयोजन में किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य करुणा दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों की कक्षाएं संचालित हो रही है। विद्यार्थियों को आंतरिक मूल्यांकन एवं असाइनमेंट के विषय समय पर प्रदान किया जाए। डॉ ईपी चेलक ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि महाविद्यालय में पदस्थ एवं उपलब्ध शिक्षक जिस कोर्स का संचालन करना चाहते हो उन्हीं कोर्सेज को महाविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा चयन करना सुनिश्चित करें।

एनईपी सहसंयोजक डॉ रीता पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि एईसी के रूप में बीए स्नातक द्वितीय सेमेस्टर में पर्यावरण, बीकॉम स्नातक द्वितीय सेमेस्टर में अंग्रेजी भाषा, बीएससी स्नातक द्वितीय सेमेस्टर में हिंदी भाषा, बीसीए स्नातक द्वितीय सेमेस्टर में हिंदी भाषा का अध्यापन करना सुनिश्चित करें। अजय कुमार राजा ने अपने उद्बोधन में असाइनमेंट के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह ध्यान रखेंगे कि असाइनमेट टॉपिक उनके पाठ्यक्रम के अलावा अन्य विषय से संबंधित चयन कराना सुनिश्चित करें। डॉ मालती तिवारी ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा संकाय के मुख्य विषय के अलावा अन्य संकाय के संचालित पाठ्यक्रम को जीई के रूप में अध्यापन कराना सुनिश्चित करें। कार्यशाला में डॉ नीलम अग्रवाल, डॉ दुर्गावती भारतीय, डॉ रमाकांत अग्रवाल, मनीराम धीवर, डॉ सीमा रानी प्रधान, राजेश्वरी सोनी, मनबोध चौहान, दिलीप कुमार बढ़ई, जगदीश सत्यम, प्रियंका सोनवानी, डॉ. प्रियंका चक्रधारी, जीवन लाल चंद्राकर, मृणाली चंद्राकर, शिवानी तावेरकर, परवीन नजीब, विजय मिर्चे, गौरव सोनी, जागृति चंद्राकर, गरिमा दीवान, रेणुका साहू, गायत्री चंद्राकर, दिवाकर वर्मा, राजलक्ष्मी, आशीष बेरा, योगेश साहू, टीकम साहू, पूजा यादव, कल्याणी साहू, रितेश्वरी सेन, प्रकाशमणि साहू आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ. रीता पांडेय एवं आभार प्रदर्शन डॉ. मालती तिवारी ने किया।

## शांतिपूर्ण त्योहार मनाने हुई शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

रंगों का त्योहार होली शांतिपूर्वक मनाने थाना खल्लारी में बागबाहरा तहसीलदार भवानी शंकर साव की अध्यक्षता और खल्लारी थाना प्रभारी शैलेंद्र नाग की विशेष उपस्थिति में शांति समिति की अति आवश्यक बैठक आहूत की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य रंगों का पर्व होली और ईद पर्व को ग्रामीण अंचलों में शांति पूर्ण मनाने के लिए बैठक में उपस्थित लोगों से बागबाहरा तहसीलदार व खल्लारी थाना प्रभारी ने अपील की।

इन त्योहारों में किसी भी प्रकार का अप्रिय घटना न घटे इस उद्देश्य से अनेक मुद्दों पर तहसीलदार, थाना प्रभारी और जनप्रतिनिधियों, क्षेत्रवासियों, व्यवसायी व सामाजिक पदाधिकारियों एवं ग्रामीणजनों के बीच विशेष चर्चाए हुई तथा पर्व में शांति व्यवस्था के लिए एक दूसरे को पूरा-पूरा सहयोग करने का भरोसा जताया गया। बागबाहरा तहसीलदार ने बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधि, सामाजिकजनों, व्यवसाइयों, ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों का परिचय जाना और सभी से अपील करते हुए पर्व को शांति पूर्ण त्योहार मनाने की बात कही। खल्लारी थाना प्रभारी ने कहा कि अपराधों पर रोक लगाने और शांति व्यवस्था पर हम हरसंभव क्षेत्र के जनताओं के हित में सदैव प्रयासरत हैं। होली पर्व में भी शांति व्यवस्था के लिए थाना क्षेत्र के गांवों में लगातार पुलिस जवनों द्वारा रात्रि में गश्त लगाया जाएगा। ताकि, कोई भी प्रकार से अप्रिय घटना न हो। बैठक में केमिकलयुक्त रंगों एवं गुलालों के दुष्परिणामों को देखते हुए हर्बल एवं उपयोगी गुलाल से होली खेलने और लोगों को इस ओर ध्यान आकर्षित करने पर भी चर्चा भी की गई।

बैठक में ग्रामीण सेवा सहकारी समिति खल्लारी के अध्यक्ष नंद कुमार निषाद, भीमखोज के पूर्व सरपंच प्रमोद चंद्राकर, विद्यालय विकास व प्रबंधन समिति खल्लारी के पूर्व उपाध्यक्ष मनहरण गुप्ता, भीमखोज सरपंच भेखराम बघेल, सामाजिक कार्यकर्ता तारेश साहू, व्यापारी संघ अध्यक्ष पदुमलाल साहू, आंवराडबरी सरपंच प्रतिनिधि मुकुंद सिन्हा, राहुल कुलदीप, खल्लारी सरपंच पुष्पेंद्र साहू, पाली सरपंच भुवनेश्वर लोधी, सरपंच प्रतिनिधि संजय साहू, ओंकरबंद सरपंच दुष्यंत चंद्राकर, सोरम सरपंच संतोष जागड़े, भीमखोज के पूर्व उपसरपंच भूपेंद्र ध्रुव, अजय चंद्राकर, कुबेर यादव, ताराचंद देवांगन, दीनदयाल महानंद, तीरत राम साहू, नरेंद्र दीवान, उमेश पटेल, उमाशंकर नेताम, श्याम दास कोटवार, अशोक कुमार, रोहित कुमार, दशरथ चौहान, पीलूराम कोटवार आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों ने मृतक किसान के परिजनों से की मुलाकात

**शासन से मुआवजा एवं बिजली विभाग के संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम सिंघनपुर में हुई किसान आत्महत्या के मामले को लेकर जिले के कांग्रेसियों ने मृतक किसान पूरन निषाद के परिजनों से मुलाकात की।

जारी प्रेस नोट में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा है कि मृतक किसान पूरन निषाद को शासन से मुआवजा की मांग करते हुए बिजली विभाग के संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस दौरान डॉ. रश्मि चंद्राकर, पूर्व जिलाध्यक्ष मोहित ध्रुव, खिलावन साहू ब्लॉक अध्यक्ष, आलोक नायक जिला मीडिया प्रभारी, दारा साहू सेक्टर प्रभारी, सृष्टि ध्रुव जनपद सदस्य, ममता चंद्राकर, मृतक के पुत्र कुलेश्वर, टिकेश्वर निषाद, भागीराम निषाद, लालजी भारती, भागी साहू, बेनी निषाद, हीरालाल साहू, पुराणिक निषाद उपस्थित रहे।

## नपा सफाई कर्मचारियों के साथ मनाया महिला दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस इस बार समाज के हर वर्ग और हर क्षेत्र की महिलाओं के साथ मनाया। ब्रम्हा कुमारी बहनें नगर पालिका परिषद में महिला सफाई कर्मचारी के संग महिला दिवस मनाया। ब्रम्हा कुमारी डोमेशवरी कोमाखान, ब्रम्हा कुमारी लता, ब्रम्हा कुमारी सुषमा एवं समाजसेवी बलराम लालवानी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

ब्रम्हाकुमारी डोमेश्वरी ने बताया कि यह संस्थान 89 वर्षों से नारी के उत्थान के लिए कार्यरत है। नारी साधारण नहीं, शिव की शक्ति है। वह चाहे तो अपनी आध्यात्मिक शक्ति के बल से इस संसार को स्वर्णिम युग की ओर मोड़ सकती है। राजयोग की शिक्षा में वो ताकत है। ब्रम्हाकुमारी लता ने बताया कि विश्व परिवर्तन का नया युग का आरंभ होने जा रहा है, इस सृष्टि के रचयिता स्वयं निराकार परमपिता परमात्मा शिव ने इस पुरानी कलयुगी सृष्टि का विनाश और आने वाले नए स्वर्णिम युग सतयुग की स्थापना में नारी शक्ति को अपना सहयोगी बनाया तो सोचो नारियों आप कितने भाग्यशाली और कितने महान हो, ब्रम्हा कुमारी सुषमा बहन ने राजयोग की विधि बताई कि हम उस परम सत्ता से शक्तियों की किरणें प्राप्त करें और प्रकृति के पांचो तत्वों को एवं पूरे विश्व की आत्माओं को परमात्म किरणें फैलाएं।

## बिना दर निर्धारण किए बीज व उपकरण खरीदी में करोड़ों का भ्रष्टाचार

**विनोद चंद्राकर ने कहाः भाजपा राज में विभागीय अधिकारी कर रहे भ्रष्टाचार, जीरो टॉलरेंस नीति को दिखा रहे ठेंगा**


हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति केवल कागजों तक ही सीमित रह गई है। महासमुंद जिले में कृषि विभाग द्वारा सरकार के जीरो टॉलरेंस नीति को ठेंगा दिखाते हुए अधिकारों से परे जाकर बिना वित्त विभाग की अनुमति, बिना किसी दर निर्धारण के विभिन्न माध्यमों से बिना नियम प्रकिया के बीज एवं कृषि उपकरण सामग्रियों की खरीदी अधिक दर पर किया जा रहा है, विभागीय अधिकारी करोड़ों के भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहे हैं।

श्री चंद्राकर ने कहा कि जब-जब भाजपा की सरकार प्रदेश में आई, तब-तब बड़े-बड़े भ्रष्टाचार के मामले सामने आती रही है। इससे पूर्व 15 वर्ष के रमन सरकार में नान घोटाला, डीकेएस घोटाला, अगुस्ता घोटाला, पनामा पेपर, अंतागढ़, पुष्प स्टील, भटगांव कोल घोटाला, मोबाइल खरीदी घोटाला, स्काई वॉक घोटाला, इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाला, चिटफंड घोटाला, रतनजोत घोटाला जैसे अनेक मामले सामने आए थे। वर्तमान भाजपा की साय सरकार में पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। इससे महासमुंद जिला भी अछूता नहीं है, यहां कृषि विभाग में बेधड़क करोड़ों का भ्रष्टाचार किया जा रहा है। श्री चंद्राकर ने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारियों को बीज खरीदी करने का वित्तीय अधिकार प्रदत्त नहीं है। जिला अधिकारी द्वारा एक ही वित्तीय वर्ष में एक प्रकार के बीज क्रय करने



का वित्तीय अधिकार है। लेकिन, यहां अधिकारियों द्वारा कई तरह के बीजों को क्रय कर आर्थिक लाभ अर्जित किए गए हैं। बीज निगम को सी बीड जेल एवं उसके समकक्ष उत्पादकों की दर निर्धारण किये जाने के लिए अधिकारियों की समिति बनाई गई है। समिति द्वारा क्या अनुशंसा की गई है, उसे सार्वजनिक न कर जिला अधिकारियों को मनमाने तरीके से भ्रष्टाचार करने के लिये कृषि विभाग द्वारा छूट प्रदान किया गया है। तकनीकी समिति के अधिकारियों द्वारा क्रय किए जाने की अनुशंसा जो अधिकार से बाहर थी, उसके विरूद्ध शिकायत की गई है। लेकिन, कोई कार्रवाई विभाग द्वारा नहीं किए जाने से भ्रष्टाचार का बढ़ावा मिल रहा है।इसी तरह वर्ष 2021 से 2024 तक जैविक खेती मिशन योजना के तहत जिला महासमुंद अंतर्गत आने वाले विकासखंडों के विभिन्न ग्रामों का चयन किया गया है। जिसमें संचालनालय कृषि द्वारा कृषकों को जो घटक उपलब्ध कराया जाना है, उससे हटकर अधिकारियों द्वारा कमीशन के लिए बैटरी चलित स्पेयर किसानों को जबरदस्ती अधिक दर पर लेने के लिए बाध्य किया जा रहा है। जबकि, इस योजनांतर्गत बैटरी चलित स्पेयर देने का आदेश में उल्लेख नहीं है। संचालनालय कृषि द्वारा जो उपकरण घटक में उल्लेखित हैं, उन्हें कृषकों को प्रदाय नहीं किया जा रहा है। क्योंकि, जो घटक व सामग्री प्रदाय किया जाना है, उन्हें क्रय करने से कमीशन नहीं मिलेगी। इसलिए इन सामग्रियों का वितरण नहीं किया जा रहा है। श्री चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन जीरो टॉलरेंस की बात करती है, जबकि वास्तविकता कुछ और ही है। एक ही जिले में एक ही विभाग द्वारा अधिकारों से हटकर, संचालनालय के निर्देशों की अवहेलना कर विभाग के अधिकारी जिन सामग्रियों में कमीशन अत्यधिक है, उन उपकरणों को नियम विरूद्ध क्रय कर आर्थिक लाभ अर्जित कर रहे हैं। इसकी सूक्ष्म जांच से करोड़ों के भ्रष्टाचार उजागार होगा। श्री चंद्राकर ने विभाग द्वारा क्रय किए गए सामग्रियों के क्रय दर एवं अधिकार की जांच कराए जाने की मांग की है।




**कुम्हारपारा स्कूल में आठवीं के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई पार्टी : महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुम्हार पारा में मंगलवार को कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं को विदाई पार्टी दी गई। यह कार्यक्रम कक्षा सातवीं और छठवी के विद्यार्थियों ने मिल जुलकर किया।




## सशिमं में हुआ विदाई एवं पुरस्कार वितरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरस्वती शिशु मंदिर भोरिंग में कक्षा अष्टम के भैया बहनों का विदाई एवं पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। जिसमें विद्यालय के संयोजक मंडल के पूर्व संयोजक दीनदयाल साहू, डॉ. रेखराम साहू, उधो प्रजापति, शिक्षक गोकुल साहू, प्रधानाचार्य नीलकमल साहू, आचार्य टकेश साहू, रूपलाल साहू, दीदीयां दिव्य नीलिमा चतुर्वेदी, तरुणा आंवले, शकुन यादव, लता सेन, चंपा साहू, तन्नू साहू, गिरजा साहू, करुणा साहू, मोनिका साहू, पूर्व आचार्य पंकज डहरिया एवं सभी भैया बहन उपस्थित हुए।



कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, प्रणवाक्षर ओम, भारत माता के छायाचित्र माल्यार्पण कर दीपवंदना, भारत माता की आरती एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात अतिथियों, प्रधानाचार्य, आचार्य, दीदियों एवं अष्टम के बच्चो का स्वागत किया गया। पर्ची की माध्यम से कक्षा अष्टम के भैया बहनों का खेल कूद शुरू हुआ और खेल में गुब्बारे फुलाकर कप से मीनार बनाना, बलून डांस बलून गेम्स आदि खेल हुआ। पश्चात भैया बहनों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। ग्राम भारती विद्या भारती में संचालित संस्कृति ज्ञान परीक्षा का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। जिसमें कक्षा तृतीय से पूर्वजा साहू, कक्षा चतुर्थ से मेघा साहू, कक्षा पंचम से दीपशिखा साहू, षष्ठ से हेमलता साहू, सप्तम से गूंजा साहू और अष्टम से वरुण साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उद्बोधन में शिक्षक गोकुल साहू ने प्रेरक प्रसंग के माध्यम से सभी बच्चों को आगे बढ़ने और सभी बच्चों का उत्साह वर्धन किया। डॉ. रेखराम साहू ने भारतीय सभ्यता, संस्कृति और संस्कार को अपनाने के लिए प्रेरित किए। सदस्य उधो प्रजापति ने अपने मंजिल को प्राप्त करने के लिए बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया।

